कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक-02-12-2024

विषयः- अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाला अभियुक्त थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, ट्रक में रखी कुल 900 पेटी अंग्रेजी शराब मय ट्रक नं0 RJ 09 GC 1631 कीमती लगभग 01 करोड़ रुपये बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अवैध मादक पदार्थों व शराब की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत थाना लंका पुलिस द्वारा मादक पदार्थों व शराब की तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं युवाओं को नशे के जाल से बचाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकान्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.12.2024 को अभियुक्त अर्जीराम पुत्र लुम्बाराम निवासी अतीतला थाना बाड़मेर जिला बाड़मेर राजस्थान उम्र करीब 26 वर्ष को डाफी टोल प्लाजा के पास बिहार की तरफ जाने वाले मार्ग की दांयी तरफ से हिरासत पुलिस में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनाक 02.12.2024 को थाना लंका पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन का सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए डाफी टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ट्रक के वाहन चालक से पूछताछ एवं निशांदेही के आधार पर ट्रक नं0 RJ 09 GC 1631 में से स्कीम के तहत फल की बिल्टी पर ले जाये जा रहे 900 पेटी अंग्रेजी शराब जो पानीपत हरियाणा से बिहार ले जाया जा रहा था , को बरामद किया गया तथा चालक को कारण गिरफ्तारी बताते हुए मौके से हिरासत पुलिस लिया गया।

अपराध विवरण-

1. मु0अ0सं0 0484/2024 धारा 318(4)/338/336(3) BNS व 60/63/72 आबकारी एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1.अर्जीराम पुत्र लुम्बाराम निवासी अतीतला थाना बाड़मेर जिला बाड़मेर राजस्थान उम्र करीब 26 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व घटनास्थल -</u> दिनांक घटना 02.12.2024 को डाफी टोल प्लाजा के पास बिहार की तरफ जाने वाले मार्ग की दांयी तरफ से थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

<u>विवरण बरामदगी</u>

अभियुक्त के कब्जे से कुल 900 पेटी अंग्रेजी शराब व एक ट्रक संख्या RJ 09 GC 1631 (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) बरामद ।

<u>विवरण पूछताछ</u>

पकड़े गये अभियुक्त उपरोक्त अर्जीराम द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि मैं अतीतला थाना बाड़मेर जिला बाड़मेर राजस्थान का निवासी हूँ। मुझे पानीपत हरियाणा से फोन द्वारा उक्त वाहन को बिहार ले जाने के लिए बताया गया । समय – समय पर मुझे फोन से बताया जाता था । मै भली प्रकार जानता था कि इस ट्रक में शराब है । मुझे निर्धारित स्थान पर पहुँचाने पर एक बार का 01 लाख रूपये मिलता था । मिलने वाले रूपये से, मैं अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ तथा सम्पत्ति का सृजन करता हूँ ।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र राजपूत, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 नीरज राय , थाना लंका, कमि0 वाराणसी
4. हे0का0 राजेश सिंह थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 दिलीप सिंह थाना लंका , कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. का0 चन्द्रशेखर मिश्रा थाना लंका , कमिश्नरेट वाराणसी ।
7. का0 चन्दन सिंह थाना लंका , कमिश्नरेट वाराणसी ।
8. का0 हृदय कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
9. का0 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।

नोट- श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी , कमि0 वाराणसी महोदय द्वारा थाना लंका पुलिस टीम को उक्त उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 25,000 रूपये के इनाम से पुरस्कृत किया गया है ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी